तापमान
अधिकतम 33 .1 डिग्री
न्यूनतम 17 .5 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार, 2 मई 2024

11 विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना



12 286 विद्यार्थियों ने दी बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा



## शहर में आज

- पॉवर हाउस बिजली निगम कार्यालय में सुबह 11 बजे से एक बजे तक खुला दरबार।
- आंबेकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- संकट मोचन मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का समापन।
- सेक्टर दो फीडर पर सुबह दस से एक बजे तक बिजली बाधित।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू कर्मियों को आज दी जाएगी आज ट्रेनिंग

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज 2 मई को- डेवलपिंग सेल्फ कंपीटेंसिज एंड वर्क कल्चर विषयक ट्रेनिंग सत्र का आयोजन करेगा। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने बताया कि कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा बतौर की-नोट स्पीकर इस ट्रेनिंग सत्र में शिरकत करेंगे।

### कानून व्यवस्था के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश अजय कुमार ने नगर निगम की सीमा में अनाधिकृत रैंप, सीढ़ी, गेट एवं ब्रेकर इत्यादि हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत नायब तहसीलदार बंसीलाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस तैनात किया जायेगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे।

### 9-10 मई का होगा क्रिकेट टीम का चयन

**रोहतक।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बाल कृष्ण आहुजा ने बताया कि लड़कों की अंडर 16 आयुवर्ग टीम का चयन 9 को और 19 क्रिकेट टीम का चयन 10 मई को चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम लाहली में होगा। आहुजा ने कहा कि अंडर 16 वर्ग की टीम के लिए खिलाड़ी का जन्म 01 सितंबर 2008 व 31 अगस्त 2010 के बीच का होना चाहिए। इसी प्रकार अंडर 19 के लिए जन्म 1 सितंबर2005 व उसके बाद का होना चाहिए।

### युवक के साथ युवकों ने की मारपीट, केस दर्ज

**रोहतक।** कमल कॉलोनी में एक युवक के साथ चार-पांच युवकों के द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सोनीपत का रहने वाला है। फिलहाल कमल कॉलोनी रोहतक में रहकर बीएस एलएसबी कर रहा हूं। साथ ही रोहतक कोर्ट में प्रेक्टीस करता हूं।

### फाइनेंसर ने दुकानदार के साथ की मारपीट, केस

**रोहतक।** जींद रोड स्थित एक फाइनेंसर ने दुकानदार के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत दुकानदार ने सिटी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

### मुंह पर मारी ईंट, दांत टूटे, पीजीआई में भर्ती

महम। बहलबा गांव के व्यक्ति के मुंह पर ईंट मारकर दांत तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। महम थाने में दी शिकायत में बहलबा गांव निवासी जय सिंह पुत्र शेर सिंह ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। गत दिवस वह गांव के मंदिर में बैठा हुआ था। इस दौरान वहां पर अचानक उसके ही गांव का हंसराज पुत्र इंद्र आ गया। उसने उसके मुंह पर ईंट मारी। जिस वजह से उसके दांत टूट गए। पीजीआई में भर्ती किया गया है।

### जेएलएन और भालौठ सब ब्रांच खाली, कुछ दिन का ही बचा है पानी

# शहर में पेयजल की किल्लत और बढ़ी, कई कॉलोनियों में केवल एक समय ही सप्लाई

- नहर बंद होने के 24 दिन बाद ही आएगा पानी
- कई कॉलोनियां टैंकरों के उपर ही निर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गर्मी का असर तेज होते ही शहरवासियों को पानी की किल्लत भी झेलनी पड़ेगी। चारों जलघरों में भी गिने चुने दिनों के लिए पानी बचा हुआ है। जेएलएन और भालौठ नहर में पानी की सप्लाई कई दिन से बंद होने के कारण एक समय ही पानी दिया जा रहा है। कई कॉलोनियों में तो सुबह भी पानी की सप्लाई नहीं आई। ऐसे में आने वाले दो सप्ताह चुनौती भरे हो सकते हैं। इससे निपटने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग प्रयास जरूर कर रहा है लेकिन वह प्रर्याप्त नहीं हैं। कई कॉलोनियों में अभी से पानी के टैंकर की डिमांड आने लगी है। साथ ही समस्याओं को निपटाने के लिए हर वार्ड में जेई कैंप भी लगाएंगे, जिसके लिए जगह की लिस्ट जारी की गई है। जरूरतें वाटर कैंपर खरीद कर पूरी करनी पड़ रही हैं।



**रोहतक।** पानी की सप्लाई नहीं आने से जेएलएन नहर सूखी। फोटोः हरिभूमि

### एक ही समय दिया जाएगा पानी

दोनों नहरों में पानी की सप्लाई नहीं आ रही। नहरों में पानी स्टोर किया हुआ है। इसके अलावा जलघरों में पानी है। जिससे एक समय सप्लाई दी जा रही है। लोगों को चाहिए कि वे पानी का दुरुपयोग न करें और जन स्वास्थ्य विभाग को सहयोग दें। इसके अलावा जिन कॉलोनियों में पानी नहीं पहुंच पा रहा वहां टैंकर से पानी भेजा जा रहा है। **-राजेश रोहिल्ला**, एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग

### डीसी ने ली थी शनिवार को मीटिंग

शहर में दूषित पेयजल और पानी नहीं मिलने की शिकायतें बढ़ने के बाद डीसी अजय कुमार ने मीटिंग ली थी। उन्होंने मीटिंग में नगर निगम और जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तलब किया और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने शिकायतों पर कार्यवाही की भी स्टेट्स रिपोर्ट ली थी। जिन पर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कार्यवाही कर रहे हैं। इसके साथ ही जुलाई तक हर वार्ड में जेई स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता में कैंप लगाने के निर्देश दिए गए। जो तीन मई से शुरू होंगे।

### यहां चल रही किल्लत

शहर की तेज कॉलोनी, पाड़ा मोहल्ला, डेयरी मोहल्ला, जींद रोड, माता दरवाजा, सल्लारा मोहल्ला, गोहाना अड्डा, साईदास कॉलोनी, अशोक नगर, झज्जर रोड, भिवानी रोड, हिसार रोड, गुरु नानकपुरा, पुराना बस अड्डा, करतारपुरा, इंदिरा कॉलोनी, गढ़ी मोहल्ला, बाबरा मोहल्ला, लाढ़ौत रोड, गोहाना रोड, सेक्टर एक, दो आदि ऐसे क्षेत्र हैं जहां केवल एक समय ही कुछ मिनटों के लिए पानी की सप्लाई दी गई है। दूसरे समय यहां पानी की सप्लाई नहीं दी गई।

### बाहरी कॉलोनियों में टैंकर की डिमांड बढ़ी

शहर में कई ऐसी कॉलोनियां भी हैं, जहां गर्मी के मौसम में पानी नहीं पहुंच पाता। खोखराकोट, जींद रोड, सोनीपत रोड पर कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां एक समय भी पानी नहीं पहुंच पाता। इसलिए स्थानीय लोग गर्मी के समय टैंकर की डिमांड करते हैं। ताकि उनकी पानी की जरूरत पूरी हो सके।



**रोहतक।** भाजपा नेताओं की मीटिंग में मौजूद सीएम नायब सैनी।

# सीएम नायब सैनी ने बैठक कर बनाई चुनाव रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ताबड़तोड़ विजय संकल्प रैलियों के साथ-साथ अपने प्रत्याशियों के नामांकन कराने में जुटी भारतीय जनता पार्टी ने एक के बाद एक बैठकों के जरिए रणनीति को और पुख्ता करने की दिशा में और तेजी बरतनी शुरू की है। बुधवार को भी भाजपा के आला पदाधिकारियों की बैठकों का दौर जारी रहा। रात आठ बजे मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, लोकसभा चुनाव प्रभारी डा. सतीश पूनिया, लोकसभा चुनाव सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्या सुधा यादव, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक सुभाष बराला, संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, अर्चना गुप्ता बैठक के लिए रोहतक पार्टी कार्यालय पहुंचे। लगभग दो घंटे तक चली इस बैठक में प्रदेश भर में चल रहे कार्यों पर चर्चा हुई और आगामी कार्यक्रमों का सफलता पूर्वक आयोजन करने की रणनीति बनाई गई। बैठक में चुनाव प्रभारी ने विजय संकल्प रैलियों के संबंध में भी जानकारी ली। आज ही हरियाणा लोकसभा चुनाव और करनाल विधानसभा उप चुनाव में प्रचार के लिए भाजपा के स्टार प्रचारकों की केन्द्रीय नेतृत्व ने लिस्ट जारी की है। बैठक में किस नेता की किस लोकसभा क्षेत्र में रैलियां कराई जाए इस विषय पर मंथन हुआ।



**रोहतक।** विद्यार्थी सोनू शर्मा को प्रमाणपत्र सोंपते हुए।

## महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र को मिली अंतरराष्ट्रीय स्कॉलरशिप

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग के विद्यार्थी सोनू शर्मा को अंतर्राष्ट्रीय प्रगति स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। संस्कृत विभाग की अध्यक्षा डॉ. सुनीता सैनी ने बताया कि पीजी डिप्लोमा इन हिन्दू स्टडीज के विद्यार्थी सोनू शर्मा को आर्य प्रतिनिधि सभा एवं अमेरिका आर्य प्रतिनिधि सभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए स्वर्गीय सुशीला तथा रामचंद महाजन स्कॉलरशिप देकर सम्मानित किया गया। इस स्कॉलरशिप के तहत छात्र सोनू शर्मा को 51000 हजार रुपए प्रदान किए गए। विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता सैनी समेत प्राध्यापक प्रो. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. रवि प्रभात, डॉ. श्रीभगवान, छात्रवृति प्राप्त करने पर सोनू शर्मा को बधाई दी।

### ट्रक-कैंटर में टक्कर चालक की मौत

**सांपला।** नेशनल हाईवे नंबर 9 इस्माईला बाईपास पर ट्रक व कैंटर के बीच हुई टक्कर में कैंटर चालक राजेंद्र सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने उसके साथी बिहार निवासी जियाउल की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि वे दिल्ली से कैंटर में सामान भर कर रोहतक की तरफ जा रहे थे। इस्माईला बाइपास पहुंचे तो सामने से रांग साइड आ रहे ट्रक ने कैंटर में टक्कर मार दी। जिसमें चालक राजेंद्र सिंह की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पहुंची और वाहनों को रास्ते से हटाया। राजेंद्र दिल्ली नांगलोई का रहने वाला था।

# मकान में आग से भारी नुकसान, चार झुलसे

- रात को बेटा हुक्का पीकर सोया, जिससे भड़की आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

कस्बे के वार्ड नंबर पांच में बुधवार अलसुबह एक मकान में आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से परिवार के चार लोग झुलस गए। साथ ही घर का सामान जलकर नष्ट हो गया। चारों को पीजीआई में दाखिल कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, मकान मालिक सत्यवान, उसकी पत्नी सुमन, बेटी प्रतिभा व बेटा प्रवीण अल सुबह गहरी नींद सोए हुए थे। अचानक घर के अंदर आग की लपटें उठने लगी। पड़ोस की महिला ने धुआ निकलता देखा। बचाव के लिए शोर मचाया। पड़ोसियों ने आकर किसी तरह आग बुझाई और झुलसे लोगों को घर से बाहर निकला। इसके बाद निजी वाहन से पीजीआई में दाखिल कराया गया। बताया जा रहा है कि एक युवक ने देर शाम हुक्का पिया था। जिसके चलते कपड़ों ने आग पकड़ ली। घर में आग की वजह से घर में ज्यादा धुआ हो गया और परिवार के लोग बेहोश हो गए। आग फैलती गई और परिवार के चारों सदस्यों को चपेट में ले लिया। रात 2:00 बजे पड़ोस की एक महिला उठी तो उसमें मकान से धुआ निकलता हुआ देखा। उसने शोर मचाया तो आस पास के लोग पहुंचे और दरवाजा तोड़ कर सभी को एक निजी वाहन में पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया। लड़का देर शाम को हुक्का पी कर सो गया।





**रोहतक।** मकान में आग लगने का बाद जला हुआ सामान एवं पीड़ित परिवार से मिलकर हाल चाल जानते बीजेपी नेता। फोटोः हरिभूमि

### बीजेपी नेता ने जाना हल-चाल

आग से झुलसे परिवार की सूचना मिलते ही भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल पीजीआई रोहतक पहुंचे और पीड़ित परिवार का हाल-चाल पूछा। वही ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन पूजा इंदौरा ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### बाइक सवार दो युवकों ने महिला से छीनी तीन हजार की नकदी

**महम।** लाखनमाजरा गांव में बाइक सवार दो युवकों ने एक महिला के हाथ से तीन हजार रुपए की नकदी और बैंक की दो पास बुक छीन ली। इस संबंध में महिला ने लाखन माजरा थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में लाखन माजरा गांव निवासी सुशीला पत्नी सूरजमल ने बताया कि वह हरियाणा ग्रामीण बैंक से 3 हजार रुपए निकलवार शाम चार बजे घर की ओर जा रही थी। जब वह रामसरोवर तालाब के पास पहुंची तो मोटर साइकिल पर सवार दो युवकों ने उसके हाथ से तीन हजार रुपए और बैंक की दो पासबुक छीन ली। पुलिस जांच कर रही है।

# अपने ही घर में आग लगाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने कलानौर निवासी युवक द्वारा अपने ही घर में आग लगाने वाले आरोपी रामभज को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। कलानौर पुलिस चौकी प्रभारी सुभाष ने बताया कि 28 अप्रैल को वार्ड न. 2 कलानौर निवासी अंजू ने शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि 28 अप्रैल को अंजू अपने घर से बाहर गई हुई थी। दोपहर करीब 2 बजे अंजू के पति रामभज ने अपने घर में रखी लकड़ी व अन्य सामान को आग लगा दी। फॉयर बिग्रेड टीम द्वारा मौके पर आग को बुझाया गया। रात करीब 10 बजे रामभज ने अपने घर पर दोबारा से आग लगा दी। जिससे घर का सामान जल गया। जांच के दौरान 30 अप्रैल को आरोपी रामभज निवासी कलानौर को गिरफ्तार किया गया है।



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में

# गहने लूटने के मामले में पुलिस ने युवक को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

कस्बा महम के वार्ड 8 में छह दिन पहले दोपहर के समय घर में घुसकर चाकू मारकर महिला को लहुलुहान करने के बाद उससे गहने छीनकर फरार हो जाने की वारदात हुई थी। दो युवक कुरियर देने के बहाने घर में घुस गए थे। इस मामले में पुलिस ने शहर के ही एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। गिरफ्तार किया गए युवक की ससुराल पीड़ित महिला के पड़ोस में ही है और महिला के घर में उसके ससुरालियों का आना जाना है। आरोपित युवक दिल्ली में रहता है और उसके माता पिता शहर में ही दुकान चलाते हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस युवक ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। युवक ने पहले रैकी की है और उसके बाद दोनों दोस्तों के बीच बातचीत हुई है। पुलिस ने शहर के सीसीटीवी खंगाले हैं और कॉल के डंप उठाए हैं।



### बुधवार को एक ने दाखिला किया नामांकन, अब तक तीन ने की दावेदारी

**रोहतक।** नामांकन दाखिल करने का बुधवार तीसरा दिन रहा। भारतीय आशा पार्टी के उम्मीदवार (भराण निवासी) 39 वर्षीय विशेष बामल पुत्र कृष्ण कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अब तक इस लोकसभा क्षेत्र के लिए तीन नामांकन पत्र दाखिल किए गए है। बीते मंगलवार को सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ़ इंडिया कम्युनिस्ट (एसयूसीआई कम्युनिस्ट) के जयकरण मांडौठी ने मंगलवार को रोहतक लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल किया। इन्होंने नामांकन के दो सेट जमा करवाए थे। इस हिसाब से अब तक रोहतक लोकसभा के लिए तीन नामांकन दाखिल हो चुके हैं। नॉमिनेशन के साथ विशेष ने जो चुनाव अधिकारी को जो शपथ पत्र बताया है कि मेरे अपने विभिन्न बैंक खातों में 23 लाख 17 हजार और इनकी पत्नी के पास 14 लाख 30 हजार रुपये जमा हैं। विशेष के पास एक वाहन, पत्नी के पास भी है। इनके पास 40 और पत्नी के 100 ग्राम के आभूषण हैं। भराण गांव में 4.25 एकड़ खेती योग्य जमीन और पत्नी के पास बहलबा में अढ़ाई एकड़ जमीन होने की जानकारी विशेष ने दी है।

**मौसम** वर्ष 2023 में भी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से राज्य में नहीं चली थी लू

# वैशाख में फाल्गुन जैसा मौसम रहा बुधवार को, पारा सामान्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज हुआ

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

बैशाख का अब एक सप्ताह बीत गया। लेकिन इस समय जिस तरह की भीषण गर्मी अमूमन होती है, वैसी अब तक नहीं हुई है। बुधवार को तो मौसम इतना सुहावना था कि जैसे वैशाख नहीं, फाल्गुन का महीना हो। बुधवार को ही नहीं, बल्कि बीते चार-पांच दिन मौसम काफी अच्छा है।

भारतीय मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक बुधवार को रोहतक का अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जोकि सामान्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस कम था। इसी प्रकार न्यूनतम पारा भी सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस कम 20.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वीरवार और शुक्रवार को तापमान में दिन और रात के तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की जानकारी मौसम विभाग द्वारा दी गई है।



### उत्तरी हवाओं का असर

ये सब उत्तर पश्चिमी की ओर से आ रही हवाओं की वजह से हुआ है। क्योंकि पिछले दिनों पहाड़ी उत्तरी राज्यों में अच्छी खासी बर्फबारी हुई थी। जिसका असर प्रदेश के मौसम पर भी पड़ा। वीरवार और शुक्रवार को तापमान में थोड़ी सी बढ़ोतरी होने की आशंका है। शनिवार से राज्य में एक और पश्चिमी विक्षोभ की गतिविधियां होने जा रही हैं। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार की तरफ से जो पूर्वानुमान जारी किया गया है, उसके मुताबिक 4 और 5 मई को राज्य में कहीं-कहीं बूंदाबांदी या हलकी बारिश की संभावना है। अगर ऐसा होता है तो फिर ये मानकर चलें कि मई का पहला सप्ताह भी बिना गर्मी के ही बीत जाएगा।

### अभी तक हुई बरसात का गणित

रोहतक में जनवरी बरसात नहीं हुई। लेकिन फरवरी में 15.4, मार्च में 12.6 और अप्रैल में औसतन 15.8 मिलीमीटर बारिश हुई है। अब 4 और 5 मई को फिर से राज्य का मौसम पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से बदलने जा रहा है। उम्मीद कि दो दिन तक बूंदाबांदी का दौर जारी रहेगी। ध्यान रहे कि वर्ष 2023 में लू नहीं चली थी। गर्मी के महीने मार्च से लेकर जून तक प्रदेश में एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होते रहे। जिसके कारण बरसात हुई और भीषण गर्मी से लोग बचे रहे।

### अभी तक चिलचिलाती गर्मी नहीं हुई

राजस्व विभाग के आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2023 में एवरेज 43.6, अप्रैल में 18, मई 69.2 और जून में 65 एमएम पानी बरसा। अब 2024 में मार्च और अप्रैल बीत चुका है। लेकिन चिलचिलाती गर्मी नहीं हुई है। हालांकि प्रशासन की तरफ से बुधवार को अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें बताया गया है कि आने वाले दिनों में राज्य भीषण लू की चपेट में आएगा। गर्मी को लेकर कई प्रकार की सावधानियां बरतने के बारे में प्रशासन ने कहा है। ध्यान रहे कि वर्ष 2022 में मार्च, अप्रैल और मई में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुए। जिससे लोगों ने काफी लंबे समय तक गर्मी का कहर झेलना पड़ा था।

### जिलेभर में 247925.89 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद: अजय कुमार

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिला में गत मंगलवार तक 247925.89 मीट्रिक टन गेहूं व 25457 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें तथा अपनी फसलों को सुखाकर व अच्छी तरह साफ करके मंडियों में लाए। मंगलवार को जिला में 13002.07 मीट्रिक टन गेहूं व 586.06 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई। अजय कुमार ने बताया कि गत मंगलवार तक जिला की मंडियों व खरीद केंद्रों में 247925.89 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। इसमें से कलानौर साइलो में अब तक 11097.34 मीट्रिक टन, किलोई में 20417 मीट्रिक टन, लाखनमाजरा में 20832 मीट्रिक टन, मदीना में 12689.20 मीट्रिक टन, महम मंडी में 50053.20 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 78942.30 मीट्रिक टन, सांघी में 16209.75 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 37685.10 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी मंडियों या खरीद केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। किसानों की सुविधा के लिए सहायता केंद्र भी स्थापित किए गए है। इसी प्रकार गत मंगलवार तक जिला में 25457 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। इसमें से कलानौर मंडी में 9191.47 मीट्रिक टन, महम मंडी में 9525.88 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 2472 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 4267.65 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है।






# कब-कैसे बढ़ता है कोलेस्ट्रॉल लेवल

आजकल हृदय रोग के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इसके प्रमुख कारणों में से एक है कोलेस्ट्रॉल का हाई लेवल। क्यों होता है ऐसा और इसे कैसे नियंत्रित किया जा सकता है, जानिए।

**डॉक्टर्स एडवाइस**

डॉ. रवींद्र गुप्ता
एचओडी-इंटरनल मेडिसिन
सी. के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम



अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस लोग यह तो जानते हैं कि शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ना हार्मफुल होता है। लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि यह किस तरह नुकसान पहुंचाता है और इससे कैसे बचा जाए?

### क्या है कोलेस्ट्रॉल

कोलेस्ट्रॉल, फैट का ही एक रूप है, जो पिघले मोम की तरह चिपचिपा होता है। यह इतना ऑयली होता है कि पानी में नहीं घुल पाता। फिर लिपोप्रोटीन कणों के रूप में रक्तप्रवाह के माध्यम से शरीर के सभी अंगों तक पहुंचता है। इसे दो भागों में बांटा जाता है, एलडीएल यानी लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन (बैड) और एचडीएल यानी हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन (गुड) कोलेस्ट्रॉल। गुड कोलेस्ट्रॉल, कई तरह के हॉर्मोंस के स्राव को नियंत्रित करता है। नई कोशिकाओं की दीवारों और विटामिन-डी के निर्माण में मददगार होता है। शरीर के नर्वस सिस्टम के न्यूरांस को बनाने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कुछ खास तरह के विटामिंस की पाचन क्रिया में भी यह यूजफुल होता है।

### कई तरह से नुकसानदायक

जब लोग कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का जिक्र करते हैं, तो उसका मतलब सिर्फ एलडील यानी बैड कोलेस्ट्रॉल से होता है, जो हेल्थ को कई तरह से नुकसान पहुंचा सकता है। जैसे- यह ब्लड वेसेल्स की भीतरी दीवारों में चिपक कर उन्हें संकरा बना देता है, जिससे रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा होती है, इसी वजह से हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक की आशंका बढ़ जाती है।



बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की वजह से आंखों तक सही ढंग से रक्त प्रवाह नहीं हो पाता है, नतीजतन नजर भी कमजोर पड़ सकती है। बैड कोलेस्ट्रॉल की अधिकता से बढ़ती उम्र में अल्जाइमर का खतरा बढ़ जाता है। यह किडनी के लिए बहुत नुकसानदेह होता है, इससे सीने में दर्द यानी एंजाइना पेन की समस्या हो सकती है, जो हृदय रोग के शुरुआती लक्षणों में से एक है। इसकी वजह से कंधे और गर्दन में दर्द हो सकता है। बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की स्थिति में हाथ, पैरों की नसों तक ऑक्सीजनयुक्त रक्त पहुंच नहीं पाता, जिससे शरीर के इन भागों में हमेशा दर्द और अकड़न महसूस होती है। बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने से बॉडी वेट भी बढ़ सकता है।

### क्या है वजह

सैचुरेटेड और ट्रांस फैट वाले फूड्स जैसे रेड मीट, अंडे की जर्दी, तेल, मक्खन और घी का अधिक मात्रा में सेवन इस समस्या के लिए जिम्मेदार माना जाता है। शारीरिक श्रम की कमी भी इसकी बड़ी वजह है। कुछ लोगों में आनुवंशिकता के कारण भी बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की समस्या हो सकती है।

### जांच-बचाव उपचार

लिपिड प्रोफाइल नामक जांच से शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल का पता लगाया जाता है। स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर 130 से कम होना चाहिए, अगर किसी की हार्ट की सर्जरी हुई हो तो उसके शरीर में इसका लेवल 100 से कम होना चाहिए। अगर कोई समस्या न हो तो भी साल में एक बार कोलेस्ट्रॉल लेवल की जांच जरूर करवा लेनी चाहिए। इस समस्या से बचाव के लिए घी, तेल, मक्खन, मैदा, अंडे की जर्दी और बाजार में बिकने वाले जंक फूड्स से दूर रहें। रेग्युलर एक्सरसाइज और वॉकिंग करें। इन प्रयासों के बावजूद अगर शरीर में एलडीएल का स्तर कम न हो, तो दवाओं की मदद से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। *

प्रस्तुति:विनीता

---

**हेल्थ सजेशन / शिखर चंद जैन**

हंसना सिर्फ एक शारीरिक क्रिया या किसी बात-घटना की प्रतिक्रिया नहीं होता है। यह एक नेचुरल रेमिडी है, जो बिना कुछ खर्च किए आपको फिजिकली-मेंटली हेल्दी रहने में बहुत इंपॉर्टेंट रोल निभाता है। कई स्टडीज में ऐसे फैक्ट सामने आए हैं कि हेल्दी रहने में अधिक से अधिक हंसना बहुत इफेक्टिव होता है। **वर्ल्ड लाफ्टर-डे (5 मई)** के मौके पर हंसने के हेल्दी बेनिफिट्स के बारे में आप भी जानना चाहेंगे।



# जी भरकर हंसिए-खिलखिलाइए रहेंगे फिजिकली-मेंटली हेल्दी

शादी विवाह हो या होली जैसे त्यौहार, अप्रैल फूल का दिन हो या दोस्तों की महफिल हो, विभिन्न अवसरों पर खूब हंसी-ठहाके और मस्ती मसखरी चलती है। हंसकर हम खुद को तरोताजा महसूस करते हैं। वैज्ञानिक भी कहते हैं कि हंसने-मुस्कुराने और चुहलबाजी के हजार फायदे होते हैं। इसके लिए एक कहावत है कि साबुन जो काम हमारे शरीर की सफाई के लिए करता है, वही हंसी हमारे मन के लिए करती है। हंसने-मुस्कुराने के कई फायदे समय-समय पर बताए जाते रहे हैं। कुछ ताजा अध्ययनों के अनुसार हंसने से फर्टिलिटी की संभावना, बौद्धिक क्षमता और उम्र भी बढ़ती है।

### बढ़ती है आयु



सेहत विज्ञानियों का मानना है कि हंसते-मुस्कुराते रहने से इंसान दीर्घायु होता है। हर 5 मिनट की हंसी हमारे जीवन में 5 दिनों की आयु बढ़ा सकती है। दरअसल, हंसने से तन और मन के स्वास्थ्य को कई तरह के फायदे होते हैं। ठहाके लगाने और खुलकर हंसने से रेस्पिरेटरी मसल्स फैलती हैं, जिनसे इनकी एक्सरसाइज हो जाती है। इससे चेस्ट कैविटी भी फैलती है। फेफड़ों में ज्यादा ऑक्सीजन भरती है और ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड निकलती है। इससे हमारे लंग्स हेल्दी बनते हैं, उनकी कार्यक्षमता भी बढ़ती है। इससे हम लंबे समय तक हेल्दी रह सकते हैं।

### हार्ट को रखे हेल्दी

अमेरिका स्थित कैलिफोर्निया की लोमा लिंडा यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता ली बुर्के और डॉ. स्टेनले टैन ने अपने एक अध्ययन में पाया कि हंसने की प्रक्रिया से हमारे शरीर में कई तरह के रिएक्शन होते हैं। इससे एड्रेनलीन हार्मोन का स्रावण होता है, जिसे अराउजल हार्मोन कहा गया है। यह कई प्रकार के सेंसेज को जगा देता है। इससे हार्ट बीट बढ़ती है। हार्ट पर पॉजिटिव दबाव बढ़ने से यह रक्त की पंपिंग ज्यादा करता है। इससे हार्ट स्ट्रॉन्ग बनता है। इससे स्किन को भी फायदा होता है और चेहरा दमकने लगता है।

### अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज

खुल कर हंसने से फिजिकल फटीग और मेंटल टेंशन से रिलीफ मिलती है और मसल्स रिलैक्स करती हैं। लाफ्टर ब्लड वेसल्स फंक्शन को इंप्रूव करके ब्लड फ्लो बढ़ाती है। इससे हार्ट अटैक और दूसरी कार्डियोवैस्कुलर समस्याओं से सुरक्षा मिलती है। हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि लाफ्टर एक अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज है। इससे हार्ट मसल्स की अच्छी एक्सरसाइज होती है। इससे कैलोरी भी बर्न होती है।

### बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

अच्छे सेंस ऑफ ह्यूमर वाले, हंसोड़ और जिंदादिल इंसान मुसीबतों और दुख की घड़ी में भी खुद को संयत, संतुलित सक्रिय रखने में सक्षम होते हैं। ऐसे लोग मुसीबतों को सिर पर नहीं लादते। ये आमतौर पर खुश और सुकून से जीते हैं। इसकी वजह है कि हंसने से इनकी मेंटल स्ट्रेंथ बढ़ती है, ये अपने इमोशंस पर बेहतर ढंग से कंट्रोल करना जानते हैं। यही वजह है कि स्ट्रेस और टेंशन की कंडीशन में भी ये रिलैक्स रह लेते हैं।

### बढ़ता है सोशल सर्किल

अपनी पुस्तक 'साइकोलॉजी ऑफ हैप्पीनेस' में लेखक और मनोविज्ञानी माइकल फोर्डिस लिखते हैं, 'हंसने वाले लोग एक संतुलित और सफल जीवन जीने में सक्षम होते हैं। इनका सोशल और बिजनेस सर्किल भी बड़ा होता है क्योंकि ये अपने हंसने-मुस्कुराने वाले स्वभाव के कारण बड़ी आसानी से लोगों को इंप्रेस कर लेते हैं और उनसे हमेशा के लिए जुड़ जाते हैं।' यानी हंसने वाले लोगों के सोशल रिलेशन अधिक आसानी से और ज्यादा बनते हैं। इसका फायदा यह होता है कि व्यक्ति कभी भी अकेलेपन, स्ट्रेस या डिप्रेशन का शिकार नहीं होता है। वह अपने मन की बातें दूसरों से शेयर करता और दूसरों की बातें सुनता भी है।

'बीएमसी कंप्लीमेंटरी एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन' जर्नल में प्रकाशित एक शोध में बताया गया है कि हंसना एक प्रकार का गुडविल मैसेज है। हंसने का फायदा सिर्फ सेहत तक ही सीमित नहीं



बल्कि इससे आपकी पर्सनल और प्रोफेशनल इमेज पर भी पॉजिटिव असर पड़ता है। हंसने मुस्कुराने वाले लोगों का सामाजिक दायरा बड़ा होता है क्योंकि ये आसानी से सबको अपना मित्र बना लेते हैं। साथ ही इस आदत का फायदा इन्हें प्रोफेशनल फ्रंट पर भी मिलता है। ये अपने जिंदादिल स्वभाव से बॉस, कुलीग्स और क्लाइंट्स सबको खुश रखते हैं, जिससे इनके काम आसानी से बन जाते हैं और तरक्की के रास्ते भी सदा खुले रहते हैं।

कहने का मतलब यही है कि हंसमुख व्यक्ति हर मायने में दूसरों से अधिक हेल्दी और हैप्पी लाइफ जीता है। *

### आसान होती है प्रेगनेंसी



**दक्षिण कोरिया** के शोधकर्ता एच. जे. चुंग ने स्ट्रेस और एंजायटी के दौर से गुजर रही इनफर्टिलिटी की मरीजों पर लाफ्टर थेरेपी का असर जानने के लिए एक अध्ययन किया ।उन्होंने आईवीएफ ट्रीटमेंट ले रही 40 महिलाओं में से 20 को लाफ्टर थेरेपी दी तो पाया कि बाकी 20 महिलाओं की तुलना में उनमें स्ट्रेस एंजायटी और डिप्रेशन काफी कम था और उनमें प्रेगनेंसी ज्यादा आसानी से हुई। एक अन्य अध्ययन में ऑक्सफोर्ड कंसेप्शन स्टडी से पता चला कि जिन महिलाओं के रक्त में अल्फा एमीलेज नामक स्ट्रेस इंडिकेटर का लेवल अधिक था, उनमें प्रेगनेंसी की दर काफी कम थी। जबकि हंसने-मुस्कुराने और हंसी-मजाक का आनंद लेने वाली महिलाओं में फर्टिलिटी के इलाज से प्रेगनेंसी के चांस बढ़ गए।

---

**केयर**

संध्या रानी

अब गर्मी धीरे-धीरे बढ़ रही है। कुछ जगहों पर तो दिन के समय काफी गर्म हवाएं चलने लगी हैं। ऐसे में लापरवाही बरतने से आप हीट स्ट्रोक के शिकार हो सकते हैं। इससे बचाव और उपचार के बारे में जानिए।

# हीट स्ट्रोक से ऐसे बचें





हीट स्ट्रोक या लू लगना एक गंभीर शारीरिक स्थिति है, जिसमें शरीर तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता खो देता है। इसके कारण शरीर का तापमान बढ़कर 104 डिग्री से भी अधिक पहुंच जाता है। शरीर के तापमान की यह स्थिति मस्तिष्क समेत शरीर के अन्य अंगों के लिए खतरनाक हो सकती है। कभी-कभी यह जानलेवा भी साबित हो जाती है।

**प्रमुख लक्षण:** इस स्थिति में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। शरीर से अत्यधिक पसीना निकल जाने से सोडियम की कमी हो जाती है। यदि समय रहते यह कमी पूरी न की जाए तो हाथ-पैर और पेट में दर्द, तेज पसीना, कमजोरी, प्यास, सिर दर्द, मितली, चक्कर आदि जैसे लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं। इसके अलावा सांस लेने में कठिनाई, घबराहट, चिड़चिड़ापन, त्वचा में खुश्की और लालिमा भी दिख सकती है।

**नेचुरल थेरेपी:** लू लगने पर रोगी को ऐसे स्थान पर लिटाना चाहिए जहां का वातावरण ठंडा हो। लेकिन वहां हवा के झोंके न आ रहे हों, इसका भी ध्यान रखना चाहिए। रोगी को ठंडे जल से तर कर पंखा चला देना चाहिए और थोड़ी-थोड़ी देर के बाद उसे ठंडे जल में भीगे तौलिए से भिगोते रहना चाहिए। बर्फ के जल में कपड़ा भिगोकर उसकी पट्टी रोगी के सिर, पेट और शरीर पर बदल-बदल कर लगाते रहना चाहिए। अधिक लू लगने पर कटि स्नान या पेड़ू पर गीली मिट्टी की पट्टी बार-बार लगाना भी उपयोगी सिद्ध होता है।

**पेड़ू पर मिट्टी पट्टी:** इसके लिए साफ बलुई मिट्टी जिसमें आधी मिट्टी और आधा बालू हो, का उपयोग करना चाहिए। अगर यह उपलब्ध न हो तो किसी साफ जगह पर जमीन से एक फिट नीचे की मिट्टी लेकर साफ करने के बाद उसमें पानी मिलाकर लुगदी जैसा बना लें।

अब इस मिट्टी को पेड़ू के आकार से थोड़ा बड़ा महीन कपड़े पर फैलाकर लगभग आधा इंच मोटाई की पट्टी बना लें। इस पट्टी का मिट्टी की तरफ वाला भाग पेड़ू पर रखकर किसी ऊनी कपड़े से ढंक दें। हर आधे घंटे पर इस पट्टी को बदलते रहना चाहिए। एक बार उपयोग की गई मिट्टी का प्रयोग दोबारा नहीं करना चाहिए।

**कटि स्नान:** कटि स्नान के लिए किसी ऐसे टब की जरूरत होती है, जिसमें आराम कुर्सी की तरह आधा लेटा जा सके। टब में लगभग 12 से 14 इंच गहराई तक ठंडा पानी भरें, जिससे कि टब में बैठने पर पानी नाभि तक और नीचे आधी जंघाओं तक आ जाए। टब में अधलेटी अवस्था में बैठ जाएं और अपने दोनों पैर को टब के बाहर चौकी पर रख लें। यह ध्यान रहे कि पानी से पैर भीगने न पाएं।

**तरल पदार्थ लें:** लू लगने पर भोजन की जगह मट्ठा, दही की लस्सी, कच्चे आम का पना, सत्तू का शरबत और नीबू पानी थोड़ा-थोड़ा करके पीना चाहिए। एक गिलास पानी में दो चम्मच धनिया को आधे घंटे के लिए भिगो दें। फिर इसे मसलकर छान लें और इस पानी में थोड़ी चीनी मिलाकर पीते रहें। इसके अलावा बेल के शरबत का सेवन जरूर करना चाहिए। यह गर्मी को दूर करता है और यह हमारे पाचन को भी स्वस्थ रखता है।

**बचाव के उपाय:** गर्मी के मौसम में ऐसा आहार लेना चाहिए, जो शरीर में पानी की आपूर्ति करता रहे। इस मौसम में तले-भुने गरिष्ठ भोजन से परहेज करना चाहिए। मौसम के अनुसार ही फल, सब्जी खाने चाहिए। फलों में खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूज को अपने भोजन में शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही गर्मी से बचने के लिए हल्के रंग के सूती कपड़ों का ही इस्तेमाल करें। जब मौसम अधिक गर्म हो तो बाहर न निकलें। अगर बाहर जाएं तो अपने साथ पानी की बोतल रखना ना भूलें और हमेशा पानी पीकर ही बाहर जाएं। इसके अलावा हमेशा अपने सिर को ढंक कर ही बाहर निकलें। धूप में शारीरिक श्रम वाला कोई काम नहीं करना चाहिए। बच्चे, बुजुर्ग, गुर्दों के रोगी और मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति लू की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। इसलिए इन्हें अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। *

**(नेचुरोपैथ मेडिकल ऑफिसर डॉ. कैलाश द्विवेदी से बातचीत पर आधारित)**

---

अगर आपको बॉस के साथ या किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के साथ बात करने में घबराहट होती है, आप सवाल का जवाब नहीं दे पाते, लड़खड़ा जाते हैं तो इसका मतलब आप एंजाइटी से परेशान हैं। इससे मुक्ति पाने के लिए आप कुछ योगासनों का अभ्यास कर सकते हैं।

**योगोपचार**

दिव्यज्योति 'नंदन'

# मीटिंग एंजाइटी से मुक्ति दिलाएं ये योगासन

कई लोग बॉस या मैनेजमेंट के साथ मीटिंग या फिर इंटरव्यू के नाम से ही घबरा जाते हैं। उन्हें बेचैनी होने लगती है। सिर्फ बॉस के साथ ही नहीं, कुछ लोग तो सामान्य बातचीत में जिन सवालों के जवाब बहुत सटीक ढंग से देते हैं, अकसर इंटरव्यू में पूछे गए वैसे ही सवालों के जवाब नहीं दे पाते। जुबान अटकने लगती है, विचार अचकचा जाते हैं। दरअसल, यह एंजाइटी प्रॉब्लम है।

**ये हैं कारगर उपाय:** ऐसी समस्या से तत्काल राहत के लिए तेज-तेज सांसें लेने की एक्सरसाइज बहुत काम की साबित हो सकती है। यह तुरंत फायदा देती है।

**फास्ट ब्रीदिंग:** जब भी किसी जरूरी मीटिंग में जाने से पहले या मीटिंग के समय बेचैनी और घबराहट हो रही हो, तो इससे पार पाने के लिए तेज गति से सांसें लेना शुरू कर दें। इससे तुरंत राहत मिलती है। आप चाहे जितने टेंशन में हों, फौरी तौर पर अगर तुरंत टेंशन खत्म नहीं होता तो कम जरूर हो जाता है। इसे करते ही आपके अंदर की नर्वसनेस खत्म होने लगती है। तेज सांस लेने का यह एक ऐसा उपाय है, जिसे आप कहीं भी आजमा सकते हैं।

**ऐसे लें तेज सांसें:** पहले सीधे खड़े हो जाएं, फिर काफी ज्यादा सांस खींचकर अंदर लें और अपनी बांहों को आसमान की तरफ ऊपर उठा लें। उठी हुई खुली बांहों की अंगुलियों को फैला लें। अब मुंह को थोड़ा नीचे झुकाएं और जीभ बाहर निकालें और अच्छे से सांस लें। याद रखें, यह किसी मीटिंग में जाने के पहले और मीटिंग स्थल से बाहर करना है। हालांकि पूरी तरह से तो इससे आपकी नर्वसनेस खत्म नहीं होगी, लेकिन बहुत कुछ असर पड़ेगा। अगर दो तीन बार यह प्रक्रिया दोहराएंगे तो और ज्यादा फर्क पड़ेगा और घबराहट करीब-करीब खत्म हो जाएगी।



त्रिकोणासन

**ऐसे मिलेगी परमानेंट राहत:** अगर एंजाइटी से परमानेंट राहत चाहिए तो नियमित रूप से सुखासन, वीरासन, बालासन, त्रिकोणासन, चक्रासन या उष्ट्रासन में से कोई दो आसन नियमित रूप से करें। एंजाइटी को लगभग पूरी तरह से खत्म करने में वीरासन, बालासन और त्रिकोणासन बहुत महत्वपूर्ण आसन हैं। जब नियमित रूप से ये आसन किए जाते हैं तो हमारा मन काफी शांत, उत्तेजनाविहीन और प्रतिक्रिया के लिए गैर उतावला हो जाता है। हर तरह की घबराहट और नर्वसनेस दूर हो जाती है। इन योगासनों का नियमित अभ्यास आपको मन से दृढ़ता प्रदान करेगा। आपके भीतर आत्मविश्वास बढ़ेगा। *

---

**घरेलू औषधि/ संध्या सिंह**

# गर्मियों की महौषधि पुदीना

गर्मी का मौसम हमारे लिए कई तरह की समस्याएं लेकर आता है। ज्यादा गर्मी में कुछ लोगों को हीट क्रैंप पड़ने लगते हैं, जबरदस्त थकावट महसूस होती है, लू लग सकती है, शरीर में पानी की कमी हो जाती है, अकसर फूड पॉयजनिंग हो जाती है, घमौरियां निकल आती हैं, चिकनपॉक्स, डायरिया, पेचिश और हैजा जैसी समस्याएं भी इस मौसम में खूब सताती हैं। वैसे तो हर समस्या का निदान भी अलग तरीके से होता है। लेकिन पुदीना एक ऐसी कारगर हर्ब है, जो गर्मियों में होने वाली हेल्थ संबंधी ज्यादातर परेशानियों से राहत दिलाती है।

**इन समस्याओं को करे दूर:** लू लग जाने पर, फूड पॉयजनिंग होने की स्थिति में, त्वचा रूखी होने पर, गर्मियों में शरीर में पानी की कमी होने की स्थिति में, जी मिचलाने जैसी तमाम समस्याओं में पुदीना हमें तात्कालिक राहत देता है। इसीलिए पुदीना को 'गर्मियों की महौषधि' कहते हैं। इसलिए हर्बल एक्सपर्ट गर्मी के मौसम में हर किसी को पुदीना खाने की सलाह देते हैं।



**ऐसे कर सकते हैं सेवन:** अगर आप गर्मियों में हर दिन सुबह या शाम एक गिलास पुदीने का पानी या पुदीने का शरबत पी लें (अगर डायबिटीज नहीं है) तो ज्यादातर मौसमी परेशानियां खत्म हो जाती हैं। अगर गर्मियों में पुदीने की पत्तियों को पीसकर 20 से 25 मिनट तक चेहरे पर इसका लेप लगा लें तो पूरे दिन ही नहीं बल्कि कई दिनों तक चेहरा तरोताजा बना रहता है वरना इस मौसम में त्वचा बिल्कुल ढीली मुरझाई हो जाती है। गर्मियों में थकान महसूस होने पर पुदीने का पानी पीते ही तुरंत थकान दूर होती है। गर्मियों में होने वाली अपच की समस्या में पुदीना बहुत राहत देता है, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, इसलिए यह हमारे पाचन को मिनटों में दुरुस्त कर देता है। अगर बलगम श्वांसनली में फंसा हुआ है तो पुदीना इसे निकालने में मदद करता है। पुदीने में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी माइक्रोबियल गुण भी होते हैं, इसलिए गर्मियों में पुदीना का नियमित सेवन करने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। अगर किसी व्यक्ति को धूप की वजह से चक्कर आए और वह बेहोश हो जाए, तो उसे पुदीने का रस सुंघाना चाहिए। इससे बेहोशीपन दूर होता है। पुदीना बेहद फायदेमंद होता है लेकिन सेवन से पहले विशेषज्ञ से सलाह अवश्य कर लें। *

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



### प्लास्टिक का प्रयोग न करने का दिया संदेश

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम के एनसीसी कैडेट्स ने बुधवार को फुट पॉलिशिंग गतिविधियों में भाग लिया। इन गतिविधियों के तहत राजकीय महाविद्यालय महम की एनसीसी यूनिट की ब्वॉयज व गर्ल्स विंग ने नो यूज ऑफ प्लास्टिक शीर्षक के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व प्लास्टिक के प्रयोग के विरुद्ध एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रतियोगिता के उपरांत महम के बाजार में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। जिसके तहत विद्यार्थियों ने स्लोगन लिखि तख्तियों को हाथों में उठाकर मुख्य सड़क से मार्च किया।

### एचडी स्कूल खेड़ी महम में मनाया श्रमिक दिवस

**महम।** एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में श्रमिक दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूल शालिनी गुप्ता ने बताया कि इस दौरान विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने कविताओं एवं भाषणों के माध्यम से श्रमिकों का महत्त्व बताया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति ने विद्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। निदेशक कुलवंत नहरा ने कहा कि इनके योगदान से ही देश उन्नति के मार्ग की ओर अग्रसर होता है।

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

# विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पटेल नगर स्थित टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। स्कूल डायरेक्टर शान्ति लाल भ्याणा ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक तथा 23 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अलावा कामर्स में मुस्कान ने 455 अंक लेकर प्रथम स्थान, सिया ने 453 अंक लेकर दूसरा स्थान और शगुन ने 433 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं आर्टस में समीर ने 454 अंक लेकर प्रथम स्थान, मोंटी ने 453 अंक लेकर दूसरा स्थान तथा सविता एवं गीतांजली ने 450 अंक लेकर तीसरा तथा ईशु ने 445 अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया।







### महेश भारती स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर

**रोहतक।** हरियाणा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा का महेश भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांधी नगर का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने बताया कि मुस्कान ने 500 में से 454 अंक लेकर प्रथम स्थान, सान्या ने 451 अंक लेकर दूसरा स्थान, मनीषा ने 445 अंक लेकर तीसरा स्थान व किरण ने 437 अंक लेकर विद्यालय में चौथा स्थान प्राप्त किया। 14 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की और विद्यालय के 22 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कशिश ने बिजनेस स्टडी विषय में 99 अंक प्राप्त, सान्या, किरण व वर्षा ने फिजिकल एजुकेशन में 99, आशु ने 98 और मुस्कान ने 97 अंक प्राप्त किए। अभिलाषा व किरण ने पॉलिटिकल साईंस में 98 अंक और मनीषा ने संगीत विषय में 97 अंक प्राप्त किए।

### चंचल ने पाए 91.2 प्रतिशत


**रोहतक।** शहीद कैप्टन दीपक शर्मा पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन का कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बोर्ड की परीक्षा में 118 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इनमें से 94 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से ऊपर अंक लिए और 29 विद्यार्थी 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। वहीं वाणिज्य संकाय की छात्रा चंचल ने 91.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, विज्ञान संकाय दीपांशी ने 89 प्रतिशत

### विद्या भारती के छह बच्चों ने मेरिट हासिल की

**रोहतक।** न्यू विद्या भारती स्कूल धामड़ का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम में लड़कियों ने लड़कों से ज्यादा अंक प्राप्त कर बाजी मारी। कला संज्ञान की छात्रा तनू ने 500 में से अंक 452 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कला संज्ञान की छात्रा मुस्कान ने 450 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा विज्ञान से खुशी ने 448 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल में 34 छात्रों में से 16 ने मेरिट प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र हुड्डा व प्राचार्या सोनिया दूहन ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गौड़ ब्राह्मण स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा श्रेष्ठ

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण सेंट्रल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का हरियाणा बोर्ड का कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा। वाणिज्य में 100 प्रतिशत, विज्ञान में 98 प्रतिशत और कला में 97 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। प्राचार्य डॉ. अनीता गौड़ ने बताया कि स्कूल के 85 बच्चों ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड के माध्यम से परीक्षा दी थी। इसमें आर्ट्स में रोमा ने 500 में से 434 अंक, राखी ने 431, साइंस में आंचल ने 406, वाणिज्य में हर्ष ने 415 अंक प्राप्त किए। इस मौके पर गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थाओं के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. शर्मा ने कहा कि अगर हम लक्ष्य निर्धारित करके मेहनत करते हैं तो कोई भी कार्य कठिन नहीं होता। इस मौके पर सारिका शर्मा, मोनिका गौड़, नवीन कुमार, कुसुम, रेखा, सोनिया, अंजली, अर्चना, लक्ष्मी, प्रवीन, छोटू राम आदि मौजूद रहे।




### प्रियांशु ने मेडिकल से 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपना व विद्यालय का नाम रोशन किया

**रोहतक।** माता दरवाजा चौक स्थित एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। जिसमें प्रियांशु ने मेडिकल से 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं तनिषा 92 प्रतिशत, नैना ने 90 प्रतिशत, दिव्या ने 90 प्रतिशत, साहिल ने 84, निशा ने 83, कीर्ति ने 84, किरण, बुलबुल, कंचन, कशिश ने 80, नितिन ने 82, साहिल ने 84, आरती ने 80, रितु ने 83, आर्यन, मनीष, रोहित, शाश्वत ने 80 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित्रा आर्य ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर नितीश वर्मा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।



**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण सेंट्रल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के साथ संस्था के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा ,प्राचार्या डॉ. अनीता गौड़ व शिक्षक।

# सहायक कर्मचारियों को सम्मानित कर मनाया श्रम दिवस

- पठानिया पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल के वर्ल्ड कैम्पस एवं मैन कैम्पस में श्रमिक दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। प्रार्थना सभा का उद्देश्य श्रम की महता को उजागर करना रहा। स्कूल के सभी सहायक कर्मचारियों को गुलाब व उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा उनके द्वारा दी गई सेवाओं की सराहना की गई।

स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या वर्षा रानी पठानिया, तनवी पठानिया, उपप्रधानाचार्या प्रीति ढांड़ा व सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी, कोर्डिनेटर कनिका मग्गू, आलोक रानी, प्रभा शर्मा, रजनी गुलाटी, नीरू एवं एक्टीविटी इंचार्ज नीतू सेठी व कोमल बुट्टन ने बच्चों के प्रयास की सराहना की।




### एमडीएन पब्लिक स्कूल में मनाया श्रमिक दिवस



**रोहतक।** एमडीएन विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सभी सहायक कर्मचारियों के सम्मान में 12वीं अचीवर्स कक्षा के छात्रों ने विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। छात्राओं ने उनके सम्मान में गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के एडमिन डायरेक्टर कृष्ण कुमार ने सभी कर्मचारियों को ग्रीटिंग कार्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में मजदूरों की अहम भूमिका होती है। हमें उनके कार्यों को छोटा नहीं समझना चाहिए बल्कि उनका सहयोग करना चाहिए।



### दुहन पब्लिक स्कूल ने मनाया मजदूर दिवस

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित दुहन पब्लिक स्कूल ने मजदूर दिवस के उपलक्ष में सभी काम करने वाले सहायक, उप सहायक, सफाई कर्मचारी, कंडक्टर आदि को उपहार देकर सम्मानित किया। बच्चों ने उन्हें तिलक लगाकर उनके योगदान का सम्मान किया। स्टाफ सदस्यों ने समाज निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। स्कूल की डायरेक्टर डॉक्टर सुनीता दुहन व प्राचार्या अनु राणा ने इस वर्ग को समाज की रीढ़ बताया। सचिव संतोष मलिक ने बताया कि यह कमेरा वर्ग हर युग में समाज के निर्माण व उत्थान का काम करता आया है।

# बाबा मस्तनाथ विद्यालय में मनाया अलंकरण समारोह




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अस्थल बोहर स्थित श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक विद्यालय में अलंकरण समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि निदेशक ग्रुप कैप्टन सुरेंद्र मोहन शर्मा और कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुरेंद्र सिंह व उप प्राचार्या अंजू मलिक ने की। शंकर नाथ हाउस, गोरखनाथ हाउस, चौरंगीनाथ हाउस व मछेंदरनाथ हाउस के विद्यार्थियों को बैच और सशै पहनाए गए। शंकरनाथ हाउस की इंचार्ज शर्मिला ने हिमांशी को कैप्टन, कृतिका को वाइस कैप्टन व आकृति, शिव, संचित और डिंपल को परफेक्ट का बैच व सशै पहनाया। गोरखनाथ हाउस की इंचार्ज सीमा ने रिद्धिमा को कैप्टन, पायल को वाइस कैप्टन व गुंजन, निया, मिनित और साक्षी को परफेक्ट का सशै व बैच, चौरंगीनाथ हाउस की इंचार्ज रितु ने रिंकी को कैप्टन, मोक्ष को वाइस कैप्टन व रिया, वंतिका, प्रीशा और सोनी को परफेक्ट का सशै व बैच, मछिंद्रनाथ हाउस की इंचार्ज कुसुम शर्मा ने कुशल को कैप्टन, भव्या को वाइस कैप्टन व ओम, उत्तम, कशिश और योगिता को परफेक्ट का सशै व बैच पहनाया। वहीं 11वीं कक्षा के छात्र समीर को हेड बॉय और 12वीं की छात्रा निशा मलिक को हेड गर्ल बनाया गया। डिसिप्लिन हेड 12वीं कक्षा की छात्रा सानिका को बनाया गया।

### कांग्रेस ने बढ़ाया पंजाबी समाज का मान

**रोहतक।** पंजाबी समाज ने कांग्रेस पार्टी द्वारा लोकसभा की टिकटों में पंजाबी समाज को दो सीटों पर जिम्मेदारी देने पर आभार जताया है। पंजाबी समाज के वरिष्ठ नागरिक मोहन आजाद, तिलक राज मग्गू व नंद किशोर कपूर ने कहा कि कांग्रेस ने पंजाबियों का गौरव बढ़ाया है। हरियाणा पंजाबी स्वाभिमान संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व कांग्रेस नेता हेमंत बख्शी ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने गुरुग्राम से राज बब्बर को टिकट दिया, जबकि करनाल से दिव्यांशु बुद्धिराजा को टिकट देकर पंजाबी समाज का मान बढ़ाया। सुभाष खुराना ने कहा कि भाजपा ने मनोहर लाल व अनिल विज को किनारे लगा दिया।

**NOTICE**

I, Ashok S/o Sh. Satbir R/o VPO Chamarian, Teshil & Distt. Rohtak, Haryana declare that my son's Swayam Hooda LIC Policy bearing No. 176812075 and in his birth certificate his name is mentioned as Nishant but in his other documents his name is mentioned as Swayam Hooda. Swayam Hooda & Nishant are the names of one and the same person. I want to change my son's name from Nishant to Swayam Hooda in his all documents. In future my son be known as Swayam Hooda for all purposes.

**सूचना**

मैं, मुख्त्यार सिंह पुत्र श्री राजे राम निवासी गांव भालोट (59) जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुमित व पुत्रवधु आरती दोनों मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मजदूर दिवस पर लिया संकल्प




**रोहतक।** मजदूर दिवस पर मानसरोवर पार्क में संकल्प सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीटू जिला उपाध्यक्ष सतबीर पाकस्मा, सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच, रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला प्रधान रामनिवास सैनी सयुंक्त रुप से की। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए सीटू के प्रदेश कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, कर्मचारी नेता जयबीर चहल और किसान नेता इंद्रजीत सिंह ने कहा कि 1886 में 8 घंटे काम की मांग पर शिकागो में मजदूरों की हड़ताल पर पुलिस फायरिंग में शहीद हुए 7 श्रमिकों की याद में हर वर्ष दुनिया के सभी देशों में मई दिवस मनाकर श्रमिक वर्ग पूंजीवादी शोषण और भेदभाव को समाप्त करने का संकल्प लेते हैं। मौजूदा समय में मजदूर और किसान की एकता के बल पर ही कारपोरेट सैक्टर की लूट कर अंकुश लगाया जा सकता है। आज सरकार चंद पूंजीपतियों की तिजोरी भरकर आम जनता के शिक्षा स्वास्थ्य एवं रोजगार के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। श्रम कानूनों में बदलाव करके मजदूरों के 8 घंटे के काम के अधिकार एवम् न्यूनतम वेतन के कानून को भी खत्म करना चाहती है।

# वाईएचएआई ने निकाली कार रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वाईएचएआई) की प्लेटिनम जुबली के अवसर पर हरियाणा स्टेट ब्रांच ने 27-28 अप्रैल को मोरनी हिल्स में कार रैली व ट्रैकिंग एक्सपीडिशन का आयोजन किया। इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों की यूथ हॉस्टल्स की यूनिटस के 30 प्रतिभागियों व पदाधिकारी ने भाग लिया। इनमें आठवीं से लेकर एमए की कक्षा तक के विद्यार्थी एवं अध्यापक व प्रोफेसर शामिल हुए। सभी अपने-अपने वाहनों से अंबाला पहुंचे। कारों के काफिले को स्टेट ब्रांच के चेयरमैन जनार्दन शर्मा, अंबाला यूनिट की प्रेसिडेंट डा. सोनिका व चेयरमैन डॉ. विनय कुमार मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाकर अलग-अलग यूनिटों की कारों के काफिले को रवाना किया। स्टेट ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डा. दीपक भारद्वाज व स्टेट कोषाध्यक्ष अश्विनी बंसल के नेतृत्व में मोरनी हिल्स के लिए रवाना किया। मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक डॉ. अनिल दलाल ने युवाओं के लिए आज के परिवेश में आधुनिक शिक्षा के सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओ पर प्रकाश डाला। साथ ही जल संरक्षण व पौधारोपण के महत्व को बताया। इस लेक्चर प्रोग्राम के बाद कैंप फायर का आयोजन किया गया।



कारों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए वाईएचएआई स्टेट ब्रांच के चेयरमैन जनार्दन शर्मा।

### झज्जर रोड पर पड़े पत्थर उठाने की मांग

**रोहतक।** वार्ड नंबर 19 में स्थित झज्जर रोड काठ मंडी में आधे हिस्से का रोड एक माह से टूटा पड़ा है, लेकिन अभी तक पत्थर नहीं हटाए गए हैं। जिसकी वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे दुकानदारों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से सड़क पर पड़े हुए पत्थर हटवाने की मांग की है।

**DAV PUBLIC SCHOOL**
DLF, KAMLA NAGER, ROHTAK-124001
Ph. 01262-269279

**TENDER NOTICE**

Sealed tenders on prescribed form of Rs. 500/-(Non-refundable) available in the school office on any working day between 9.00 am to 1.00 pm, are invited from the experienced contractors for session 2024-25 for Security Agency

General terms & Conditions can be obtained from the school office between 9 am to 1 pm on any working day. The undersigned has the right to accept/reject any tender without assigning any reason. Any matter will be dealt with the jurisdiction of Rohtak.

**Last date after four days from date of advertisement.**

PRINCIPAL MANAGER

## संकट मोचन मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

# बच्चों को सत्संग का द्वार दिखाएं : स्वामी विश्वेश्वरानन्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री के 8वें निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरा नंद महाराज ने कहा कि मनुष्य को समय निकालकर श्रीमद्भागवत कथा का सिमरन व जाप अवश्य करना चाहिए। बच्चों को यदि संस्कारवान बनाना है तो सत्संग का द्वार जरूर दिखाना पड़ेगा। श्रीमद्भागवत कथा एवं सत्संग ही सत्य का आचरण है। सत्संग एवं कथा के माध्यम से मनुष्य भगवान की शरण में पहुंचता है वरना वह इस संसार में आकर मोह माया के चक्कर में पड़कर अपना मानव जीवन जो अश्वमेध यज्ञ के समान होता है, उसको व्यर्थ में ही निकाल देता है। स्वामी विश्वेश्वरा नन्द ने कहा कि आज मां-बाप अपने बच्चों की हर ख्वाइश पूरी करने के लिए उन्हें मोबाइल, व्हीकल और अन्य साधन दे तो देते हैं, लेकिन वे कई बार उनका प्रयोग सही ढंग से नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले मनुष्य सुबह उठते ही मां-बाप के चरण छूकर नमस्कार करता था और भक्ति की भावनाएं मन में रखता है। परंतु आज हम और बच्चे उठते ही मोबाइल पर ध्यान ज्यादा दे रह हैं। बच्चें मोबाइल चलाएं लेकिन स्कूल या अन्य जरूरी काम के लिए न कि व्यर्थ की चीजें देखने के लिए।



**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन देते कथा व्यास स्वामी विश्वेश्वरा नन्द महाराज ।

### आज होगा कथा का समापन

2 मई को कथा का समापन होगा। सुबह 8 बजे हवन, दोपहर 12 बजे ध्वजारोहण, साध्वी मानेश्वरी देवी व संत महत्माओं के प्रवचन, आर्शीवचन, आरती और 2 बजे भंडारे का आयोजन होगा। महामंलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज, महंत कमल पुरी महाराज, महामंलेश्वर कर्ण पुरी महाराज, स्वामी कालीदास, महामंलेश्वर डॉ. परमानंद, महामंलेश्वर विश्वेशवरानंद, महामंलेश्वर राघवेंद्र भारती, महंत मदन गोपाल, महामंलेश्वर अनुभूतानंद, महंत दिलबाग सिंह, महंत ईश्वर शाह, भक्तों को प्रवचन और आर्शीवचन देंगे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE



BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- COMPUTER OPERATOR (F) 4
- COMPUTER OPERATOR (M) 4
- PHARMACY STAFF 3
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel.:- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप


रोहतक। रक्तदाता को सम्मानित करते बाबा सुखा शाह महाराज।

### शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि शिविर की अध्यक्षता एलपीएस बोसार्ड के चैयरमैन राजेश जैन ने की। शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को संत बाबा सुखा शाह महाराज ने सम्मानित किया। मौके पर अनुज चावला, बलदेव, राजू गांधी, देवराज, हरीश शर्मा मौजूद रहे।

### हिसार रोड पर घर के अंदर चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** हिसार रोड स्थित घर में चोरी का मामला सामने आया है। उमेश ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रुप नगर का रहने वाला है। मैं हिसार रोड पर प्राइवेट कंपनी में काम करता हूं। मैं अपने घर पर ड्युटी खत्म करके गया और इसके बाद ऊपर कमरे में गया तो कमरे में रखी अलमारी खुली पड़ी है। मैंने परिवार वालों को इस बारे में बताया तो घर के आसपास चैक किया। उसमे रखे 2 लाख रुपये, 1 सोने की चैन व एक सोने की अंगूठी गायब है।

### वीसी प्रो. राजबीर ने कई विभागों का दौरा किया

**रोहतक।** मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बुधवार को जूलॉजी, बॉटनी व एनवायरमेंटल साइंस विभागों का दौरा किया और वहां की शिक्षण व्यवस्था एवं शोध कार्यों का जायजा लिया। कुलपति सबसे पहले जूलॉजी विभाग पहुंचे। विभागाध्यक्षा प्रो. विनीता शुक्ला ने कुलपति को विभाग की शैक्षणिक एवं शोध उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

# 286 विद्यार्थियों ने दी बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा

## मिशन बुनियाद के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दिए कामयाबी के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बुनियाद ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को महाराजा अग्रसेन ऑडिटोरियम वैश्य इंजीनियरिंग कॉलेज में किया गया। इस दौरान बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 324 विद्यार्थियों में से 286 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। मिशन बुनियाद से आए डायरेक्टर प्रदीप संसवाल, कमयुनिटी इंचार्ज संजीव कुमार और उनकी टीम ने विद्यार्थियों और अभिभावकों की काउसलिंग की।कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त अजय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, जिला परियोजना अधिकारी रेनू खत्री एवं बुनियाद मिशन के डायरेक्टर प्रदीप संसवाल ने किया। डीसी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करके उसे पूरा करने के लिए लगातार प्रयास करते रहना चाहिए ताकि वे अपने लक्ष्य को हासिल कर पाए। अपने जीवन के अनुभव सांझा करते हुए उन्होंने बताया कि जिस प्रकार मिशन बुनियाद की एक्सपर्ट टीम कामयाबी के मंत्र दे रही है, इसी प्रकार का मार्गदर्शन सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए पहले उपलब्ध नहीं था।


रोहतक। विजेताओं को सम्मानित करते हुए उपायुक्त अजय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, जिला परियोजना अधिकारी रेनू खत्री व बुनियाद मिशन के डायरेक्टर प्रदीप संसवाल। फोटो : हरिभूमि

**यह रहे मौजूद:** इस अवसर पर आयोजन की नोडल अधिकारी लाखन माजरा ब्लॉक की खंड शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल, डीएसएस समीर मान, डीएमएस दीपक अरोड़ा, बीआरसी पुष्पा शर्मा, डाइट प्रवक्ता सुनीता अहलावत, प्राचार्य राजेश नांदल, अलका मदान, अशोक नांदल, पूनम वर्मा, अंजू डबास, अंजना, प्रवक्ता रितु मलिक, कृष्णा रंजन, बबीता, बलराज आर्य, सतीश मलिक सहित अन्य मौजूद रहे।

### बुनियाद शिक्षा से भविष्य निर्माण

जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक ने कहा कि बच्चे अच्छी बुनियादी शिक्षा द्वारा ही भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। जीवन में सफलता का मिशन आज ही निश्चित कर लें, भविष्य सुधारने के लिए यही समय है। उन्होंने माता पिता को भी उनकी जिम्मेदारियों के बारे बताया कि वे कैसे अपने बच्चों को सफल बना सकते हैं। डीईओ मंजीत मलिक ने उपायुक्त को स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही उन्होंने वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमैन नवीन जैन का भी आभार प्रकट किया।

## ठग नए-नए तरीकों से लोगों की मेहनत की कमाई लूट रहे

# साइबर ठगी रोकने में पुलिस नाकाम, आए दिन धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा में साइबर ठगों का आतंक बढ़ता जा रहा है। ठग नए-नए तरीकों से लोगों की मेहनत की कमाई को लूट रहे हैं। आम लोगों का बैंकों में पैसा सुरक्षित नहीं है। जिले में हाल ही में चार लोगों से ठगी की वारदात कर दी गई।

वहीं, आज के दौर में लोग ऑनलाइन शॉपिंग को बढ़ावा दे रहे हैं। ठगों ने भी ऑनलाइन शॉपिंग, बैंक ट्रांजेक्शन से लेकर सोशल मीडिया तक पर अड्डा जमा लिया है। उपभोक्ता ऑनलाइन बिल पेमेंट करने पर, किसी ई-कॉमर्स साइट से गैजेट खरीदने पर, एटीएम से कैश निकालने पर ठगी का शिकार हो रहे हैं। पुलिस भी साइर ठगी के मामलों में रोक नहीं लगा पा रही है। जिसकी वजह से बदमाशों के हौसले बढ़ रहे हैं।



### 45 हजार की ठगी

गांव सुनारियां खुर्द निवासी आनंद ने शिवाजी थाने में पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ट्रांसपोर्टर का काम करता है। कर्नाटक में एक गाड़ी भेजनी थी। इसी दौरान बनाया गया ब्लाग के माध्यम में से एक काल आया कि कर्नाटक के लिए मेरी गाड़ी भेज दो और इसके लिए हमने हां कर दी। इसके श्री राम ट्रांसपोर्टर ने गाड़ी भेज दी। एक फरवरी को काल आया कि मैं ट्रक ड्राइवर बोल रहा हूं, मेरे अकाउंट में एडवांस पैसे भेज दो, फिर 15 हजार रुपये व 30 हजार रुपये दो बार में कुल 45 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद ट्रक ड्राइवर का फोन आया कि पेमेंट भेज दो। जब शक हुआ कि किसी ने झूठ बोलकर धोखाधड़ी की है।

### 25324 की लगाई चपत

गांव बालंद निवासी सचिन ने शिवाजी थाना में दी शिकायत में बताया कि तीन अप्रैल को शाम को करीब पांच बजे फोन आया और उसने एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताकर मुझसे ओटीपी मांगा। आरोपित ने कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड पर कोई स्कीम चालू हो गई है और आपके चार हजार कट जाएंगे, लेकिन इसके बाद मैंने ओटीपी देने से मना कर दिया। फिर उन्होंने एक लिंक भेजकर फार्म भरने के लिए बोला, जैसे ही फार्म भरा तो 25324.50 रुपये कटने का मैसेज आया। इस तरह आरोपित ने धोखाधड़ी कर क्रेडिट कार्ड से पैसे निकाल लिए।

### 1.60 लाख रुपये उड़ाए

गांव लाहली निवासी सतीश ने कलानौर थाने में पुलिस को दी शिकायत में बताया कि फेसबुक आईडी से एक कार बुक करने के लिए विज्ञापन आया, जिसकी बुकिंग के नाम पर 80 हजार रुपये मांग की, फिर उनकी बातों में आकर फोन-पे के जरिए उसके अकाउंट में 80 हजार ट्रांसफर कर दिए और फिर दोबारा से 80 हजार रुपये मांग लिए। 18 मार्च को उसके अकाउंट में पैसे भेज दिए। इसके बाद फिर कार बुकिंग के बारे में पूछा तो फिर से पैसे की मांग करने लगे और शक हुआ कि धोखाधड़ी की जा रही है। इस तरह 1.60 लाख रुपये ठग लिए।

### 90 हजार की धोखाधड़ी

अर्जुन नगर में एक व्यक्ति से 90 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। अर्जुन नगर निवासी नरेन्द्र ने पीजीआई थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मॉडल टाऊन स्थित एसबीआई बैंक में मेरा खाता है। 29 अप्रैल को मेरे पास एक एक अंजान नंबर से वाटसप पर फोन आया और मुझे बहकाकर मेरे से 90 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

## इंडस पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम

# कक्षा 12वीं के छात्रों ने श्रमिकों के सम्मान में परोसा भोजन



छात्रों ने एक लघु नाटिका द्वारा घर में सफाईकर्मियों के महत्व को दर्शाया

■

किसी भी संस्थान की उन्नति श्रमिक वर्ग के बिना संभव नहीं : डॉ. एकता सिंधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में बुधवार को श्रमिक दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा श्रमिक दिवस पर आज का विचार, गीत, कविता व भाषण द्वारा मजदूर वर्ग की पीड़ा को व्यक्त किया। छात्रों ने एक लघु नाटिका के द्वारा घर में सफाईकर्मियों के महत्व को बखूबी दर्शाया। इस अवसर पर विद्यालय परिषद के छात्रों ने सभी चालक, परिचालकों, चौकीदार व सहायक कर्मियों आदि को उपहार देकर सम्मानित किया। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि किसी भी संस्थान की उन्नति श्रमिक वर्ग के बिना संभव नहीं है। केवल आज के ही दिन नहीं बल्कि हर दिन श्रमिक सम्मान के अधिकारी हैं।

विद्यालय की डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता बल्कि उसके पीछे करने वाले का भाव होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति बिना श्रमिकों के सम्भव नहीं है। इसलिए मजदूरों को उनके अधिकारों से वंचित नहीं रखना चाहिए। बाहरवीं कक्षा के छात्रों ने दोपहर भोजन के लिए श्रमिक वर्ग को आमंत्रित करके प्रेमपूर्वक अपने हाथों से भोजन कराया।

# दा आर्यन ग्लोबल स्कूल में कर्मियों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दा आर्यन ग्लोबल स्कूल में श्रमिक दिवस बड़े सम्मान से मनाया गया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने सहायक कर्मचारियों के सम्मान में विशेष प्रार्थना सभा का संचालन किया, जिसमें मनमोहक कविताएं व गतिविधियों द्वारा उनका मनोरंजन किया। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने सहायक कर्मचारियों का कार्यभार संभाल कर उन्हें विशेष सम्मान दिया। प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने प्रार्थना सभा में सहायक कर्मियों को विशेष बैच लगाकर सम्मानित किया और उनका आभार प्रकट किया।

### दतौड़ हेल्थ सेंटर में चोरी


सांपला। दतौड़ सेंटर पर पुलिस जांच करती हुई।

**सांपला।** गांव दतौड़ के राजकीय हेल्थ सेंटर में मंगलवार की रात को अज्ञात व्यक्ति हजारों रुपए की चोरी कर ले गए। पुलिस ने स्वास्थ्य कर्मचारी इंद्र सिंह के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इंद्र सिंह ने शिकायत में बताया कि बुधवार की सुबह करीब 8.30 बजे सभी कर्मचारी सेंटर पर पहुंचे, तो गेट का ताला टूटा पड़ा था। अंदर देखा तो अलमारी का रिकार्ड फर्श पर बिखरा पड़ा था और इन्वेंटर बैट्री गायब मिले। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस का मानना है कि चोर मुख्य गेट की दीवार फांद कर अंदर घुसा है। चोरी करने वाले गांव के ही हो सकते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मोटरसाइकिल चोरी की दो वारदातों में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पुलिस ने कलानौर व गांव चिड़ी के एरिया से हुई दो मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।लाखनमाजरा थाना प्रभारी समरजीत कुमार ने बताया कि गांव चिड़ी निवासी भुपेंद्र की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि 28 अप्रैल को भूपेंद्र अपनी मोटरसाइकिल लेकर खेत में बने फर्म पर गया हुआ था।

भूपेंद्र ने अपनी मोटरसाइकिल को नहर की पटरी के पास खड़ा कर खेत में चला गया। वापिस आने पर भूपेंद्र को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली। जांच के दौरान 30 अप्रैल को आरोपी दीपक उर्फ गणेशी निवासी गांव चिडी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ अवैध शराब का मामला कुरुक्षेत्र में दर्ज है। वहीं, कलानौर थाना प्रभारी देशराज सिह ने बताया कि कलानौर निवासी आकाश की शिकायत पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। 29 अप्रैल को आकाश दोपहर एक बजे अपनी मोटरसाइकिल से यूसीओ बैंक के पास स्थित जूस की दुकान पर गया हुआ था। आकाश बाइक दुकान के बाहर खड़ा कर अंदर चला गया। वापिस आने पर नहीं मिली। जांच के दौरान 30 अप्रैल को आरोपी अक्षय निवासी कलानौर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अदालत के आदेश पर एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है।

### वाईआरसी टीम ने किया बेहतर प्रदर्शन



रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा 23 से 29 अप्रैल तक आयोजित जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस कैंप में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। गुनगुन ने स्लोगन राइटिंग में तीसरा, पोस्टर मेकिंग में शीतल ने तीसरा, ग्रुप सॉन्ग में गुनगुन, शीतल एवं अलीशा ने तीसरा, वीडियोग्राफी में कुलदीप ने तीसरा तथा लक्की स्टार गेम में कुलदीप ने तीसरा स्थान हासिल किया। सभी विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉक्टर अनिल कुमार तनेजा ने सभी विजेताओं को बधाई दी। यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ. शालू जुनेजा, डॉक्टर राजेश गहलवात एवं डॉक्टर नीलम राठी ने भी सभी स्वयंसेवक को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अलीशा, ध्रुव तनेजा, सागर, मयंक मनोचा, विश्वजीत, कुलदीप, गुनगुन, शीतल आदि उपस्थित रहे।

### कुनाल मिस्टर तथा मोनिका बनीं मिस फेयरवेल


**रोहतक।** फेयरवेल पार्टी में विद्यार्थियों के साथ विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया, प्राध्यापक प्रो. एसपी वत्स, डा. प्रताप सिंह, डा. प्रोमिला व डा. परमजीत सिंह ।

रोहतक। मदवि के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग में जूनियर्स ने सीनियर्स को फेयरवेल पार्टी दी। विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सीनियर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और जीवन में आगे बढ़ने को प्रेरित किया। प्रो. सेवा सिंह दहिया ने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में करियर अवसरों के बारे में बताया। विभाग के प्राध्यापक प्रो. एसपी वत्स, डा. प्रताप सिंह, डा. प्रोमिला, डा. परमजीत सिंह ने भी विद्यार्थियों को सफल जीवन की मंगलकामनाएं दी। कुनाल को मिस्टर फेयरवेल तथा मोनिका को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। सचिन मिस्टर पर्सनालिटी व सुषमा मिस पर्सनालिटी चुने गए। मंच संचालन सोरव, महिमा व प्रिया ने किया। विशाल, मोहित, ममता, ज्योति, सुशीला व अमित बूरा ने कार्यक्रम समन्वयन किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### एमडीयू के दो प्राध्यापक समेत आठ कर्मी सेवानिवृत्त



रोहतक। मदवि से दो प्राध्यापक एवं छह गैर शिक्षक कर्मी सेवानिवृत्त हो गए। कुलपति कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त होने वाले प्राध्यापकों एवं कर्मियों को विदाई दी गई। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों प्रो. कुलदीप सिंह छिक्कारा व प्रो. तिलक राज तथा गैर शिक्षक कर्मियों में निदेशक युवा कल्याण डॉ. जगबीर सिंह राठी, सहायक अविनाश कुमार, हेड लैब एसीस्टेंट ओम प्रकाश, गनमैन हेम चंद्र, दफ्तरी रमेश चंदर तथा हेड स्वीपर राधे श्याम के कार्यकाल की सराहना की और एमडीयू की विकास यात्रा में इनके योगदान को अहम बताया। डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान, कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन, स्टूडेंट वेल्फेयर प्रो. रणदीप राणा, निदेशक सीडीओई प्रो. नसीब सिंह गिल, निदेशक आईक्यूएसी प्रो. बी. नरसिम्हन, वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट, मडूटा प्रधान डा. विकास सिवाच, डा. राजेश मलिक, सहायक निदेशक युवा कल्याण डा. प्रताप राठी, अधीक्षक खैराती लाल ने भी सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मियों को मंगलकामनाएं दीं।

### वैश्य कालेज में करियर गाइडेंस प्रोग्राम

**रोहतक।** वैश्य कालेज में करियर गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सीक्रेटीयेट आफ़ इंडिया की पानीपत शाखा से आए, सीएस मुकेश गर्ग व योगेश ने कंपनी सीक्रेटी कोर्स के बारे में आवश्यक जानकारी दी। कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) बनने के लिए, इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ़ इंडिया (आईसीएसआई) में तीन चरणों में कोर्स करना होता है, फ़ाउंडेशन कोर्स, इंटरमीडिएट कोर्स, प्रोफ़ेशनल कोर्स, फ़ाउंडेशन कोर्स में करीब 8 महीने लगते हैं, इंटरमीडिएट कोर्स में करीब 9 महीने और प्रोफ़ेशनल कोर्स में करीब 15 महीने, प्रोफ़ेशनल कोर्स के बाद, 15 महीने की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग ज़रूरी है। इस तरह, सीएस कोर्स पूरा करने में करीब तीन से पांच साल लगते हैं। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने छात्रों को इस कोर्स में करियर बनाने को प्रेरित किया। प्रोग्राम संयोजिका डॉ. अंजु सिंगला रही। मौके पर दीपाली आर्य, डॉ. प्रतिभा, पिंक प्रभा, डॉ. दिनेश, गीता गुप्ता, मनोज गर्ग, वीरेंद्र खुराना, डॉ. अल्का, डॉ. सविता, नवीन आदि मौजूद रहे।

**निर्देश** कैश, शराब व अनाधिकृत हथियारों की आवाजाही पर रखें पैनी नजर


# उड़नदस्ता टीमें मुस्तैद रहें: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव की प्रक्रिया आरंभ होने के साथ ही उड़नदस्ता टीमें तथा स्टैटिक सर्विलेंस टीमें निगरानी बढ़ाये। इन टीमों के अधिकारी पुलिस के जवानों के साथ बेहतर तालमेल से नाकों पर कैश, शराब व अनाधिकृत हथियारों की मुस्तैदी के साथ चैकिंग करें तथा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की घटनाओं पर भी नजर रखें। यह टीमें प्रतिदिन रिपोर्ट भी भेजेंगी।

**निर्वाचन अधिकारी के निर्देश**

जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार स्थानीय जिला विकास भवन के सभागार में पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग अभिनव सिवाच, विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारी आशीष कुमार, दलबीर फोगाट व सुभाष चंद्र जून, नगराधीश अंकित कुमार के साथ फ्लाईंग स्कवेड तथा स्टैटिक सर्विसलेंस टीमों के सदस्यों को लोकसभा आम चुनाव के संदर्भ में आवश्यक हिदायतें दे रहे थे।



### लू की आशंका के चलते विभागों को हिदायतें जारी

उपायुक्त अजय कुमार ने लू की संभावना के दृष्टिगत संबंधित विभागों को लू से निपटने के प्रबंध करने के निर्देश जारी किए है। सभी विभागों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा लू से बचाव की तैयारियों व आपदा प्रबंधन गतिविधियां के निर्देश दिए है। ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग को लू के दौरान मनरेगा के कार्य अवधि को दोबारा निर्धारित करने, मुख्य स्थलों पर जल कियोस्क, टयूबवैल व टेंकर इत्यादि का प्रबंध करने की सलाह जारी की गई है।

### प्रमाणित फसल का बीज खरीदते समय अवश्य लें बिल

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने जिला के किसानों का आह्वान किया है कि वे फसल का प्रमाणित बीज खरीदते समय बीज विक्रेता से बिल अवश्य लें। यदि कोई लाईसेंस धारक बीज विक्रेता बिल देने में आनाकानी करता है या बीज की थैली पर अंकित खुदरा मूल्य से अधिक मूल्य वसूल करता है, तो उसकी शिकायत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के स्थानीय कार्यालय में करें। संबंधित बीज विक्रेता के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं शायरी से बांधा समा

**रोहतक ।** सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में वाणिज्य विभाग के बीकॉम तृतीय वर्ष व एमकॉम फाईनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं शायरी की शानदार प्रस्तुति दी। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कामर्स विभागाध्यक्ष हरीश चंद्र, डॉ. नीरज रानी, तान्या, तरूणा, सीमा, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा डॉ. दीपा जुनेजा मौजूद रहे।



**रोहतक।** विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में जाट कॉलेज वालिंटियर्स का शानदार प्रदर्शन

**रोहतक।** मदवि में आयोजित सात दिवसीय स्वास्थ्य जागरुकता शिविर में जाट कॉलेज के वाईआरसी वालिंटियर्स ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। बुधवार को कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम व वाईआरसी कॉओर्डिनेटर लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक दांगी ने वालिंटियर्स को सम्मानित किया। प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने बताया कि मदवि में 23 से 29 अप्रैल तक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें कॉलेज के 12 वालिंटियर्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें वालिंटियर्स अरमान ने सोलो सोंग स्पर्धा में प्रथम स्थान, लक्की स्टार में कृष्णा प्रथम व अंशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ग्रुप सोंग में अरमान, अपराजित, अंशु, कृष्णा की टीम ने द्वितीय स्थान, स्किट स्पर्धा में रोहित, कमल, हिमांशु, अंशु, कृष्णा, अरमान ने उम्दा प्रदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. राठी ने कहा कि इस प्रकार की स्पर्धाओं से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है।